हिन्दुस्तान

जनसहभागिता से स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

कार्यक्रम

रायवाला, संवाददाता। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायवाला में बुधवार को एम्स ऋषिकेश की ओर से जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सामुदायिक सहभागिता से वन हेल्थ मिशन की अवधारणा को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया।

नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंस दिल्ली की डॉ. सुनीला गर्ग ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को मजबूत करने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर प्रकाश डाला। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की हेड प्रो. वर्तिका सक्सेना ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में विशेषज्ञ चिकित्सक मानव, पशु एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य के एकीकरण की रणनीतियों पर कार्य कर रहे हैं। ताकि वन हेल्थ मिशन को साकार किया जा सके। इस दौरान प्रतिभागियों के बीच में डेमोंस्ट्रेशन कॉर्नर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें डॉ. गुरप्रीत एवं डॉ. गुंजन द्वारा तैयार "न्यूट्रिशन कॉर्नर" इवेंट को प्रथम पुरस्कार दिया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायवाला में बुधवार को आयोजित वन हेल्थ मिशन जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी। • हिन्दुस्तान

संवाद न्यूज

स्वास्थ्य के लिए जरूरी है सामुदायिक सहभागिता

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एम्स की ओर से पीएचसी रायवाला में कार्यक्रम का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

रायवाला। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायवाला में वन हेल्थ विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता से ही वन हेल्थ मिशन की अवधारणा को सुदृढ़ किया जा सकता है।

एम्स की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का बुधवार को समापन किया गया। दूसरे दिन पीएचसी रायवाला में संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों, उनके तीमारदारों और आम लोगों को वन हेल्थ की अवधारणा के बारे में बताया।

विशेषज्ञों ने कहा कि वन हेल्थ मिशन की सफलता के लिए जरूरी है कि सामुदायिक स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति इस मिशन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे और समाज के प्रत्येक घटक के स्वास्थ्य के प्रति चिंतन करे। विशिष्ट अतिथि नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंस दिल्ली की डॉ. सुनीला गर्ग ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) को मजबूत करने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से व्यापक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर विस्तृत प्रकाश डाला।

प्रो. वर्तिका सक्सैना ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दिशा में विशेषज्ञ चिकित्सक मानव, पशु एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य के एकीकरण हेतु रणनीतियों पर कार्य कर रहे हैं।

कार्यक्रम में एमडी रेजिडेंट्स एवं एमपीएच विद्यार्थियों के बीच डेमोंस्ट्रेशन कॉर्नर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें डॉ. गुरप्रीत एवं डॉ. गुंजन द्वारा तैयार न्यूट्रिशन कॉर्नर इवेंट को प्रथम पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के दौरान एएनएम अंजलि लिंगवाल, आशा कार्यकर्ता अनिता भट्ट और सुरक्षाकर्मी महिपाल सिंह को सम्मानित किया गया।